**सं. डीएसआईआर/एमएस/2023/09**

**भारत सरकार**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग**

**मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश**

**(सितंबर माह, 2023 हेतु)**

**(भाग-I अवर्गीकृत)**

**सितम्बर माह, 2023 की प्रमुख उपलब्धियाँ**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित/हस्तांतरित नई प्रौद्योगिकियाँ/प्रक्रियाएँ**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
    - निम्नलिखित प्रौद्योगिकियाँ हस्तांतरित की गईं:
        - दिनांक 12 सितंबर, 2023 को सॉगा ब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड जिला बागपत, उत्तर प्रदेश में क्रिस क्रॉस ब्रिक्स सेटिंग के साथ आंतरिक ईंधन आधारित पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा कुशल जली हुई मिट्टी की ईंटों का निर्माण।
        - दिनांक 19 सितंबर, 2023 को पॉल्यूशन कंसल्टेंट और इंजीनियरों, फ़रीदाबाद, हरियाणा को ज़िग-ज़ैग सेटिंग के साथ हाई ड्रॉट ईंट भट्टों का डिज़ाइन।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - कृष्णा कॉनकेम प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र को उच्च प्रदर्शन नमी संगत प्रतिरोधी सुरक्षात्मक कोटिंग प्रणाली।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - माम्मा मिल्स, चिकायना छत्र होबली, नंजनगुड को पेय/दलिया के लिए पकाने के लिए तैयार मल्टीग्रेन साबुत मिश्रण का विरचन।
    - दुर्गा एग्रो फूड्स, औद्योगिक सबअर्ब यशवंतपुर, बैंगलोर को चिक्की/न्यूट्रा चिक्की (3 फॉर्मूलेशंस)।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - वाहनों की चार दिशाओं में आवाजाही के लिए सर्कुलर सिंगल स्टैक इंटरचेंज।
    - क्रोम शेविंग्स से प्रोटीन हाइड्रोलाइज़ेट का उपयोग करके सिंथेटिक टैनिंग एजेंट तैयार करने की प्रौद्योगिकी विकसित की और पीए फुटवियर प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई को लाइसेंस दिया।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**

- इनडोर वायु गुणवत्ता और आरामदायक कैमरा आधारित हेलमेट ट्रैकिंग प्रोटोटाइप में सुधार करने के लिए आईओटी आधारित स्मार्ट वेंटिलेशन सोल्यूशन

- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - CO2 चयनात्मक कार्बनिक-अकार्बनिक संकर खोखले फाइबर झिल्ली और इसके विरचन की विधि;
    - मेल्ट एक्सट्रूडेड आयन-एक्सचेंज मेम्ब्रेन्स और इसके विरचन की विधि
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - एयरोस्पेस सरफेस और कॉम्पोनेंट्स एचसीपी-0036 के लिए नई पीढ़ी के स्नेहक सूत्रणों का विकास और प्रमाणन।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
    - मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड की सतत विलायक मुक्त प्रक्रिया विकसित की गई।

**हस्ताक्षरित सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन (राष्ट्रीय)**

**एसआईआर-सीबीआरआई**

- दिनांक 27 सितंबर, 2023 को फायर सेफ्टी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएसएआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
    - ट्यूबरक्यूलोसिस इंडिया फेज II सामान्य प्रोटोकॉल के लिए क्षेत्रीय संभावित अवलोकन अनुसंधान के कार्यान्वयन के लिए भगवान महावीर मेडिकल रिसर्च सेंटर (बीएमएमआरसी) के साथ सहयोग किया गया।
    - सिकल सेल एनीमिया/सिकल सेल डिजीज (एससीए/एससीडी) प्रौद्योगिकी का पता लगाने की प्रौद्योगिकी/तकनीकी जानकारी हस्तांतरण के लिए वैनगार्ड डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहयोग किया गया।
    - कैंसर्स में न्यूरोडेवलपमेंटल प्रोटीन की भूमिका को समझने के लिए ग्लियोमा नमूनों के उपयोग के कार्यान्वयन के लिए निज़ाम इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनआईएमएस) के साथ सहयोग किया गया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - दिनांक 05-09-2023 को न्यूक्लिक एसिड रिसर्च के लिए कार्यात्मक आशोधनों के साथ नए प्रतिदीप्ति शमनकर्ताओं के संश्लेषण के संदर्भ में एस्सी बायोटेक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के साथ एक प्रायोजित करार निष्पादित किया गया।

- सीएसआईआर-सीडीआरआई और आईआईटी-मद्रास के बीच संस्थागत सम्बन्धों को बढ़ावा देने और संभावित सहयोग के लिए अन्य रास्ते तलाशने के लिए दिनांक 04-09-2023 को आईआईटी, मद्रास के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) के प्रबंधन में 24 सप्ताह के लिए पिक्रोरिजा कुरोआ रॉयल एक्स बेंथ (पिक्रोलिव®) के मानकीकृत अंश की प्रभावकारिता और सुरक्षा पर चरण III, मल्टीसेंटर, रेंडोमाइज्ड, डबल-ब्लाइंड, प्लेसीबो-केंट्रोल्ड, पारंपरिक अध्ययन के लिए दिनांक 29-08-2023 को पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ के साथ नैदानिक परीक्षण करार निष्पादित किया गया।

- **सीएसआईआर-सीरी**
  - जोधपुर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी-शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास सहयोग
  - सी-बैंड और एक्स-बैंड पीसीएम के लिए सीईएल साहिबाबाद एएसआईसी
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - कस्टमाइज्ड टॉपिक्स के साथ बी. वोक और एम. वोक दोनों पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक कार्यक्रमों के समर्थन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने और शैक्षणिक कार्यक्रमों को ज्ञान-आधारित सहायता प्रदान करने के लिए दिनांक 13 सितंबर 2023 को जेएसएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस, मैसूर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - मां तारा फ्यूल्स, धनबाद, झारखंड के साथ इम्प्रूव्ड सॉफ्ट कोक बनाने की प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की तकनीकी जानकारी के लिए दिनांक 05-09-2023 को करार।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - पिकलिंग स्पेंट लिक्विड से नैनो आकार के आयरन ऑक्साइड पिगमेंट तैयार करने की प्रक्रिया-अपशिष्ट से सम्पदा-दृष्टिकोण के विकास के लिए मुरुगप्पा ग्रुप, चेन्नई के एक भाग, ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ परामर्शी करार पर हस्ताक्षर किए गए।
  - दिनांक 26 सितंबर 2023 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 82वें सीएसआईआर स्थापना दिवस के दौरान सीएसआईआर और उद्योग संबंधों के माध्यम से समावेशी विकास की दिशा में निम्नलिखित दो करारों पर हस्ताक्षर किए गए:

        - गरवारे फुलफ्लेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुणे से आपूर्ति किए गए रबर स्रोत का उपयोग करके टिकाऊ रबर-आधारित चमड़े जैसी सामग्री के निर्माण की प्रक्रिया के विकास के लिए गरवारे फुलफ्लेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड।
        - पीए फुटवियर प्राइवेट लिमिटेड से क्रोम शेविंग्स से प्रोटीन हाइड्रोलाइज़ेट का उपयोग करके सिंथेटिक टैनिंग एजेंटों के विरचन पर प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए।
    - श्वासनली पुनर्निर्माण के लिए सिंथेटिक ईपीटीएफई/सिलिकॉन ग्राफ्ट के निष्पादन के लिए अनुसंधान एवं विकास सहयोग के संबंध में सितंबर 2023 के दौरान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - (i) बायोगैस प्लांट (20 घन मीटर/दिन) और (ii) ब्रिक्वेट प्लांट (50-60 किग्रा/घंटा) युक्त बल्क वेस्ट जेनरेर्स के लिए इंटीग्रेटेड म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट डिस्पोजल सिस्टम (iMSWDS) के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर आकाश एंटरप्राइज, भुरकुंडा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल के साथ लाइसेंस करार पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - संक्रमणरोधी और औद्योगिक उत्पादों के लिए मैरिन एक्टिनोबैक्टीरिया की खोज हेतु जैवप्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के साथ सामान्य एमओए;

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - दिनांक 05.09.2023 को शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए एमसीएम डी.ए.वी., कॉलेज, कांगड़ा (एच.पी.) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - दिनांक 05.09.2023 को राजीव गांधी गवर्मेन्ट पोस्ट ग्रेजुएट (आर.जी.जी.पी.जी) आयुर्वेदिक कॉलेज, पपरोला कांगड़ा (हि.प्र.) के साथ शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 05.09.2023 को आयुर्वेद विभाग हिमाचल सरकार (जीओएचपी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए को स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, स्वामी राम नगर, जॉली ग्रांट, देहरादून (उत्तराखंड) के साथ दिनांक 18.09.2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- मल्टीग्रेन प्रोटीन पाउडर के निर्माण/प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकी लेने के लिए जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश मुनीशा फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ दिनांक 05.09.2023 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- उपोष्णकटिबंधीय बागवानी पौधों के प्रशिक्षण और प्रसार के लिए पालमपुर में टिशू कल्चर सुविधा की स्थापना के लिए गायत्री प्लांट टिश्यू कल्चर लैब, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के साथ दिनांक 05.09.2023 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी की तकनीकी जानकारी के अनुसार सेब और मोंक पौधों के अंत: पात्र प्रसार के लिए सीएसआईआर-आईएचबीटी प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए गायत्री प्लांट टिश्यू कल्चर लैब, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के साथ दिनांक 05.09.2023 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - सीएसआईआर-आईआईसीटी द्वारा विकसित एजीआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 5000 एम3/दिन (न्यूनतम) बायोगैस के उत्पादन के लिए जैविक कचरे से बायोगैस और जैव-खाद के उत्पादन के लिए उच्च दर वाली बायोमेथैनेशन प्रौद्योगिकी के डिजाइन के लिए निम्नलिखित दो करारों पर हस्ताक्षर किए गए:
    - एम्फ़लिंड प्राइवेट लिमिटेड
    - वीएस लिग्नाइट पावर प्राइवेट लिमिटेड।
  - कम्पोस्टेबल उत्पादों का विकास और ग्रीनवर्क्स बायो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए।

    सहयोग को बढ़ावा देने, वैश्विक अनुभव हेतु अवसर उपलब्ध कराने और रेसिप्रोसिटी, सर्वोत्तम प्रयास, पारस्परिक लाभ और लगातार बातचीत के आधार पर ज्ञान के विकास को सुविधाजनक बनाने

    के लिए दिनांक 13 सितंबर 2023 को सेंट्रल पल्प एंड पेपर रिसर्च इंस्टिट्यूट (सीपीपीआरआई), यूपी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - बायोजेनिक कचरे का उपयोग करके 150 केएलडी के हरित हाइड्रोजन उत्पादन के प्रदर्शन के लिए नेट जीरो उत्सर्जन के साथ बायोरिफाइनरी प्लेटफॉर्म में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन प्रक्रिया के लिए प्रोटोटाइप के डिजाइन और प्रदर्शन पर एक साथ काम करने के लिए पायरोटास्क एनर्जी के साथ एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया है।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - आपसी हित की संयुक्त सहयोगी गतिविधियों के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के साथ समझौता ज्ञापन।

- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - संरचनात्मक अनुप्रयोगों के लिए एक नोवल इंडिजीनस क्यूइंग एपॉक्सी रेजिन सिस्टम के निर्माण और मूल्यांकन पर डॉक्टरेट अनुसंधान के लिए प्रधान मंत्री की फैलोशिप योजना के लिए सीआईआई, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - एनएएल के ओडब्ल्यूओएल कार्यक्रम के अवसर पर दिनांक 20 सितंबर, 2023 को एनएएल की मल्टी-कॉप्टर ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए निम्नलिखित कंपनियों के साथ लाइसेंस करार पर हस्ताक्षर किए गए।
        - गरुड़ एयरोस्पेस प्रा. लिमिटेड, चेन्नई
        - SiDAK टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
    - एनएएल के ओडब्ल्यूओएल कार्यक्रम के अवसर पर दिनांक 20 सितंबर, 2023 को बिजली उत्पादन के लिए एनएएल के सॉलिड ऑक्साइड फ्यूल सेल - सिंगल सेल प्रौद्योगिकी के लिए हाइलैन पावर वन प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु के साथ लाइसेंस करार पर हस्ताक्षर किए गए।
    - एनएएल के ओडब्ल्यूओएल कार्यक्रम के अवसर पर अनुसंधान और शैक्षणिक प्रशिक्षण में एक सहकारी कार्यक्रम बनाने के लिए दिनांक 21 सितंबर, 2023 को निम्नलिखित कॉलेजों/पॉलिटेक्निक कॉलेजों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए:
        - बी.एम.एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बेंगलुरु
        - मैंगलोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग, मैंगलोर
        - कम्मावारी संघम ऑफ ग्रुप इंस्टिट्यूट्स बेंगलुरु
        - एजे इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
        - एम ई आई पॉलिटेक्निक, बेंगलुरु, मैंगलोर
        - गवरमेंट मॉडल आईटीआई, बेंगलुरु।

- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - बायोनेस्ट और सीके उद्योग फूड्स प्राइवेट लिमिटेड जोरहाट के साथ दिनांक 21-09-2023 को इनक्यूबेशन कम रेंटल एग्रीमेंट।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
    - एस एंड टी सहयोग और आर एंड डी के पारस्परिक रूप से सहमत पहलुओं के लिए निम्नलिखित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए:
        - सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी-चेन्नई
        - भूविज्ञान विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, उत्तर प्रदेश
        - एसआरटीएम यूनिवर्सिटी नांदेड़ (भूविज्ञान विभाग), महाराष्ट्र।

- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - अनुसंधान और विकासात्मक गतिविधियों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - उच्च शिक्षा, अनुसंधान और सामान्य रूप से विभिन्न पर्यावरणीय संबन्धी संगठनों को सहायता देने में पारस्परिक लाभ प्राप्त करने के लिए और विशेष रूप से एक-दूसरे के कार्यक्रमों के संपर्क के माध्यम से अपने संबंधित समस्या क्षेत्रों को लाभान्वित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करने के लिए आईईसीआरएस (भारतीय पर्यावरण परामर्श और अनुसंधान सेवाएँ, नागपुर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - पीके स्टील लिमिटेड द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट फाउंड्री मोल्ड रेत का उपयोग करके बिल्डिंग ब्रिक्स के निर्माण के लिए करार।
    - ऑरिया बायोलैब्स प्राइवेट लिमिटेड, एर्नाकुलम के साथ मसाला प्रसंस्करण, कार्यात्मक खाद्य पदार्थ और न्यूट्रास्यूटिकल्स के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग
    - एके नेचुरल इंग्रीडिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड, अलुवा के साथ खाद्य एवं न्यूट्रास्यूटिकल्स के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग

पेटेंटों की अद्यतन स्थिति

| फाइल किए गए पेटेंट | | | स्वीकृत पेटेंट | | | पेटेंट अभियोजन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* | बहु-राष्ट्र | भारत | विदेश* | बहु-राष्ट्र | भारत | विदेश* |
| 15 | 07 | 07 | 22 | 10 | 11 | 27 | 145 |

*उपरोक्त अवधि के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया डेटा और बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है। अद्वितीय दायर/स्वीकृत पेटेंट अगले महीनों में भी प्रदर्शित हो सकता है यदि इसको संबंधित आवेदन सम्बन्धी माहों में दायर/स्वीकृत किया गया हो।

**प्रदान की गईं उच्च प्रभाव वाली एस एंड टी सेवाएँ**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
    - 197 नमूनों वाले 183 परिवारों के लिए आणविक निदान सेवाएं प्रदान की गईं।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - कॉमन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब (सीआरटीडीएच): एक एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएं और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में एक मध्यम आकार के उद्यम को नई दवा उत्पाद विकास के लिए परामर्श प्रदान किया गया।

- परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधा: हाई-रिज़ॉल्यूशन मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एचआरएमएस), आईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी और एनएमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी द्वारा नमूनों के विश्लेषण के लिए सेवा प्रदान की गई। सितंबर माह 2023 में कुल 211 बाहरी नमूनों का विश्लेषण किया गया।

- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - पूरे भारत में विभिन्न शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विकास संस्थान, उद्योग, एमएसएमई के लिए एकीकृत नगरपालिका ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
    - फेल्ड ब्लेड के टरबाइन ब्लेड का विफलता विश्लेषण, एलपीटी -1 फ्रंट साइड 8वां चरण ब्लेड नंबर- 27। प्रायोजक: जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमिटेड, पीओ कनिहा, अंगुल, ओडिशा।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - सीगल इंडिया लिमिटेड, पंजाब के लिए एनई-5 के 4/6 लेन लुधियाना रूपनगर खंड के लिए आरएपी के साथ नई प्रौद्योगिकी, डीबीएम मिक्स डिजाइन का उपयोग
    - पटेल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, गुजरात के पुनर्वास/सुदृढ़ीकरण के लिए उपचारात्मक उपायों का सुझाव देने के लिए एनएच 48 (किमी 188-किमी 268+300) के गुड़गांव-कोटपूतली-जयपुर खंड का मूल्यांकन।
    - वर्मा इंडस्ट्रीज, नई दिल्ली के लिए गड्ढे की तत्काल मरम्मत के लिए बिटुमिनस गड्ढे पैचिंग मिक्स पॉटसील का मूल्यांकन।
    - रोड डवलपमेंट अथॉरिटी, श्रीलंका के लिए रोड डवलपमेंट अथॉरिटी, श्रीलंका में राजमार्ग विकास और प्रबंधन उपकरण (एचडीएम-4) पर अनुकूलित प्रशिक्षण
      मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश के लिए लंबी अवधि के पुलों पर जोर देने के साथ पुल और नींव के डिजाइन पर अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम।
    - केएनआर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, तेलंगाना के लिए केरल में एक सड़क खंड के लिए कट सेक्शन के लिए मेन कैरिजवे और सर्विस रोड के बीच प्रस्तावित क्रैश बैरियर ट्रीटमेंट का निरीक्षण और जांच।
    - मेसर्स एफओएसआरओसी इंडिया से ब्रिज डेक वॉटर प्रूफिंग सामग्री का अध्ययन, जो एफओएसआरओसी केमिकल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड कर्नाटक के लिए ब्रिज डेक ओवरले के रूप में परिनियोजित करने के लिए उपयुक्त है।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - संस्थान की विभिन्न चल रही परियोजनाओं, औद्योगिक ग्राहकों और एसीएसआईआर गतिविधियों के तहत दी जाने वाली परीक्षण सेवाएँ। इन

परीक्षणों में गैसीय ईंधन (एएसटीएम डी7833, डी5504), तरल ईंधन (डी6730, यूओपी744, डी5623, डी4815, डी6584 और आईपी 391), इंजन तेल (एएसटीएम डी3524, डी3525), चिकनाई वाले तेल (एएसटीएम डी7419), मोम (एएसटीएम डी5442), पेट्रोलियम ईंधन और सामान्य रसायनों के जीसी-एमएस और एचआरएमएस शामिल हैं।

- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - जलमग्न अंतर्ग्रहण में प्रवाह पृथक्करण और इसके नियंत्रण पर प्रायोगिक अध्ययन - एआर एंड डीबी  द्वारा वित्त पोषित।
  - 2.5 मीटर x 2.5 मीटर निरंतर ट्राइसोनिक और 1.75 मीटर x 1.75 मीटर ब्लोडाउन सुपरसोनिक पवन सुरंग सुविधा की स्थापना के लिए डीपीआर की तैयारी और भूमि की पहचान पर पूर्व-निवेश गतिविधि - सीएसआईआर द्वारा वित्त पोषित
  - प्रणाली पहचान तकनीकों का उपयोग करके एलसीए वैरिएंट के लिए वायुगतिकीय डेटाबेस और वायु डेटा का उड़ान सत्यापन और अद्यतन - एडीए द्वारा वित्त पोषित
  - फ्लैपरॉन परीक्षण बॉक्स का स्थैतिक शक्ति परीक्षण - एडीए द्वारा वित्त पोषित

- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - उद्योगों और शैक्षिक संस्थानों को औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण माइक्रोबियल स्ट्रेंस और संबंधित माइक्रोबियल पहचान सेवाओं की आपूर्ति की गई।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट के आसपास उत्सर्जन स्रोतों के मानचित्रण और स्थानीय स्तर की कार्य योजना तैयार करने पर अध्ययन।
  - महाराष्ट्र राज्य में ठाणे के लिए वायु गुणवत्ता मॉनीटरिंग और उत्सर्जन स्रोत विभाजन अध्ययन।
  - मेसर्स रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड, जामनगर की प्रस्तावित पॉलीसिलिकॉन इकाई के लिए तीव्र पर्यावरणीय प्रभाव और जोखिम मूल्यांकन अध्ययन।

    चिन्हित औद्योगिक क्षेत्र, जालेसर रोड, फिरोजाबाद, उ.प्र. में कांच उद्योगों के लिए क्षेत्रीय दिशानिर्देश तैयार करने के लिए वायु प्रदूषण प्रभाव आकलन अध्ययन।

**आउटरीच गतिविधियाँ (जिज्ञासा, कौशल विकास, और अन्य)**

- **सीएसआईआर-4पीआई**

- दिनांक 5-6 सितंबर, 2023 कोआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्या है? विषय पर विस्मय विज्ञान यू-ट्यूब कन्नड़ व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- नारायण ई-टेक्नो स्कूल, बेंगलुरु के 82 छात्रों और 6 शिक्षकों ने दिनांक 21 सितंबर, 2023 को जिज्ञासा: वैज्ञानिकों-छात्रों की बातचीत में भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - सीएसआईआर-सीबीआरआई के अग्नि सुरक्षा इंजीनियरिंग समूह द्वारा इंडियन हेबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में अग्नि सुरक्षा उपायों के डिजाइन पर 25.27 सितम्बर, 2023 के दौरान पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 15 राज्यों से 60 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - 26 सितंबर, 2023 को सीएसआईआर के 82वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपना ओपन डे मनाया और इसमें 7200 आगंतुकों ने भाग लिया।
  - 4-18 सितंबर, 2023 के दौरान (क्रिस्पर) टूल के साथ इंजीनियरिंग जेब्राफिश पर एक कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया और 9 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) ऑफर किए गए:
    - हेल्थकेयर और लाइफ कौशल विकास कार्यक्रम, इसमें 12 व्यक्तियों ने भाग लिया।
    - स्नातकोत्तर प्रशिक्षण/शोध प्रबंध कौशल विकास कार्यक्रम, इसमें 1 व्यक्ति ने भाग लिया।
  - छात्र वैज्ञानिक कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन:
    - दिनांक 4 सितंबर 2023 को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा, उ.प्र.। इसमें 42 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।
    - एमिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, लखनऊ, उ.प्र. 8 सितंबर 2023 को। इसमें 30 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।
  - दिनांक 15 सितंबर 2023 को ग्राम देवराय कला और बीकामऊ, तहसील बख्शी का तालाब, जिला लखनऊ में स्वास्थ्य जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम (सामाजिक कार्यक्रम) का आयोजन किया गया इसमें 150 ग्रामीणों ने भाग लिया।
  - दिनांक 26 सितंबर 2023 को 82वें सीएसआईआर स्थापना दिवस पर ओपन डे समारोह आयोजित किया गया। इसमें सुल्तानपुर, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर और लखनऊ कॉलेजों सहित समस्त क्षेत्र के 25 स्कूलों के 1100 उत्साही छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - निम्नलिखित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया:
        - 11-15 सितंबर, 2023 तक क्रोमैटोग्राफी और स्पेक्ट्रोस्कोपी। इसमें 55 व्यक्तियों ने भाग लिया।
        - 21-22 सितंबर, 2023 तक लिथियम-आयन बैटरी: विनिर्माण के लिए सामग्री पर दो दिवसीय ऑनलाइन उद्योग उन्मुख पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें आईटीसी, बैंगलोर के 20 कर्मचारियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीरी**
    - जीएलए मथुरा कॉलेज के (बी.टेक) तृतीय वर्ष के छात्रों ने दिनांक 09-09-2023 को दौरा।
    - रीजनल साइंस कांग्रेस 2023 एनवीएस स्कूल के छात्रों ने दिनांक 13-09-2023 से दिनांक 15-09-2023 को प्रयोगशाओं का दौरा किया।
    - दिनांक 29-09-2023 को स्थापना दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - मैसूरु तालुक के गवर्मेन्ट हाई स्कूल और मांड्या और चामराजनगर के केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के लिए दिनांक 30.08.2023 से दिनांक 01.09.2023 तक यूसुफ हामिद रसायन विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 71 छात्रों और 10 शिक्षकों ने भाग लिया
    - सीएसआईआर स्थापना दिवस के एक भाग के रूप में, मैसूर के निजी और सरकारी स्कूलों और पीयू कॉलेजों के छात्रों के लिए दिनांक 26.09.2023 को ओपन डे का आयोजन किया गया था। इस दिन 560 छात्रों और 25 शिक्षकों ने संस्थान का दौरा किया।
    - दो कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए:
        - 25.09.2023 से 27.09.2023 तक बाजरा एवं मूल्यवर्धित उत्पादों के प्रसंस्करण में 30 ने भाग लिया।
        - दिनांक 25.09.2023 से दिनांक 27.09.2023 तक प्रक्रिया स्वच्छता और माइक्रोबियल खाद्य सुरक्षा मानदंड के लिए खाद्य विश्लेषण के बुनियादी सिद्धांत, इसमें 12 ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**

- 11 से 15 सितंबर, 2023 तक खानों की आग, वेंटिलेशन, खनिकों के स्वास्थ्य में हालिया प्रगति पर कार्यकारी सह कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - सेंट पीटर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, चेन्नई के 27 मैकेनिकल इंजीनियरिंग छात्रों और तीन संकाय सदस्यों ने संस्थान के अनुसंधान कार्यक्रमों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए दिनांक 05 सितंबर 2023 को दौरा किया।
  - गैलिलियो साइंस क्लब, कोयंबटूर के ग्रामीण स्कूली छात्रों ने दिनांक 06 सितंबर 2023 को दौरा किया। 50 स्कूली छात्रों और दो संकाय सदस्यों ने संस्थान का दौरा किया और संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।
  - इश्वरी इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई के संकाय सदस्यों के साथ 45 बायोमेडिकल इंजीनियरिंग छात्रों ने 12 सितंबर 2023 को दौरा किया और संस्थान में होने वाली विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - जल गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए विश्लेषणात्मक तकनीकों और उपकरणन पर एसडीपी का संचालन किया; 20-22 सितंबर, 2023।
  - जिज्ञासा रथ को 15-26 सितंबर 2023 के दौरान सोलर ट्री, सोलर चूल्हा, बायो गैस प्लांट, ई-ट्रैक्टर, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नाली सफाई उपकरण, आयरन रिमूवल प्लांट आदि जैसी विभिन्न प्रौद्योगिकियों के शोकेस और प्रदर्शन के लिए विभिन्न स्कूलों में ले जाया गया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - 18-22 सितंबर, 2023 के दौरान रखरखाव और पुनर्वास के लिए फुटपाथ मूल्यांकन तकनीकों और उनके अनुप्रयोगों पर 5 दिवसीय नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से इसमें 30 ने भाग लिया।
  - 20-24 सितंबर, 2023 के दौरान रोड डवलपमेंट अथॉरिटी, श्रीलंका में राजमार्ग विकास और प्रबंधन (एचडीएम-4) पर 7 दिवसीय अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को रोड डवलपमेंट अथॉरिटी, श्रीलंका द्वारा प्रायोजित किया गया था।

- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रतिभागियों के लिए दिनांक 15 सितंबर, 2023 को निम्नवत पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई:
        - यांत्रिक माप प्रौद्योगिकियां।
        - प्रिज्म (PRISM) योजना पर जागरूकता व्याख्यान।
        - सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल कार्यक्रम के तहत दिनांक 27 सितंबर, 2023 को उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
        - सीएसआईआर-जिज्ञासा पहल के तहत 20 सितंबर 2023 को केवी 3बीआरडी स्कूल, चंडीगढ़ में छात्र-वैज्ञानिक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। समय पर विज्ञान की एक संक्षिप्त यात्रा: विज्ञान का विकास विषय पर व्याख्यान सत्र सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ में वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा दिया गया। साथ ही, पीएचडी स्कॉलर द्वारा "ड्रोन" पर प्रस्तुति दी गई और प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया
        - दिनांक 22 सितंबर, 2023 को इलेक्ट्रॉनिक्स लैब (एनालॉग/डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स), मैकेनिकल वर्कशॉप और सिमुलेशन लैब का दौरा करने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, पाबरा, हरियाणा के लिए लैब विजिट का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - युवा मस्तिष्क को शांत करने के लिए केवी स्कूल के छात्रों (50) और गवर्मेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल (50) के लिए दिनांक 11 सितंबर 2023 को जिज्ञासा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए (प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए)।
    - माइक्रोएल्गल विविधता और उनकी जैव प्रौद्योगिकी क्षमता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 13 व्यक्तियों ने भाग लिया.
    - क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, भावनगर और रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (आरएससी) के साथ 25-26 सितंबर 2023 तक दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - गवर्मेन्ट स्कूल (बालिका) भवारना, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) की 61 छात्राओं और 04 शिक्षकों ने दिनांक 06.09.2023 को दौरा किया।

- गवर्मेन्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ और जेएनवी पपरोला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) के 31 विज्ञान ज्योति स्कॉलर्स के लिए 14-15 सितंबर, 2023 को सीएसआईआर-जिज्ञासा एवं विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला सह प्रायोगिक शिक्षण कक्षाएं आयोजित की गईं। छात्रों को संस्थान की विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण सह एक्सपोज़र विजिट का मौका मिला।
- निम्नलिखित साइबर सुरक्षा कार्यशालाएँ आयोजित की गईं:
    - दिनांक 15.09.2023 को जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत 31 विज्ञान ज्योति स्कॉलर्स के लिए साइबर सुरक्षा पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
    - हिमाचल प्रदेश के दो अलग-अलग कॉलेजों (आरजीएम गवर्नमेंट कॉलेज जोगिंदरनगर, जिला कांगड़ा और श्री साई विश्वविद्यालय, पालमपुर, जिला कांगड़ा) के 48 छात्रों और 04 संकाय सदस्यों ने 04 और 06 सितंबर, 2023 को संस्थान का दौरा किया।
- सीएसआईआर-एकीकृत कौशल पहल कार्यक्रम (चरण-II) के तहत
    - 01 सितंबर, 2023 से 31 अक्टूबर, 2023 तक 07 छात्रों के लिए आठ सप्ताह का कोर्स "प्लांट टिश्यू कल्चर टेक्निशियन" सफलतापूर्वक शुरू हुआ।
    - 02 छात्रों के लिए 01 सितंबर, 2023 से 31 अक्टूबर, 2023 तक आठ सप्ताह का पाठ्यक्रम "फ्लोरीकल्चरिस्ट संरक्षित खेती और माली" सफलतापूर्वक शुरू हुआ।
    - 03 छात्रों के लिए 01 सितंबर, 2023 से 31 अक्टूबर, 2023 तक आठ सप्ताह का कोर्स "गार्डनर" सफलतापूर्वक शुरू हुआ।
    - जीजीडीएसडी कॉलेज, राजपुर, पालमपुर से 178 छात्र और 08 संकाय सदस्य; श्री साई विश्वविद्यालय, पालमपुर और एमसीएम डीएवी कॉलेज, कांगड़ा ने नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया (एनएएसआई) और सीएसआईआर- आईएचबीटी पालमपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "एस एंड टी-आधारित उद्यमिता विकास में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका" विषय पर दो दिवसीय (18-19 सितंबर, 2023) संगोष्ठी में भाग लिया।
    - हिमाचल प्रदेश वन अकादमी, सुंदरनगर, मंडी, हिमाचल प्रदेश द्वारा संचालित अपने प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दिनांक 02.09.2023 को हिमाचल प्रदेश वन विभाग के 29 डिप्टी रेंजर प्रशिक्षुओं (तीसरे

बैच) की एक टीम का संस्थान की विभिन्न अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं हेतु दौरा आयोजित किया गया।

- अपने प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दिनांक 11.09.2023 को चंद्रपुर वन अकादमी, महाराष्ट्र से 44 रेंज वन अधिकारियों (प्रशिक्षुओं) की टीम के दौर का आयोजन किया गया ।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - 15 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के साथ 4 से 15 सितंबर 2023 तक ऑर्गेनाइजेशन फॉर द प्रोहिबेशन ऑन केमिकल वेपंस, द नीदरलैंड द्वारा प्रायोजित विश्लेषणात्मक कौशल विकास पाठ्यक्रम - 2023 का आयोजन किया गया।
  - सीएसआईआर-आईआईसीटी, सीएसआईआर-सीएलआरआई ने जहीर साइंस फाउंडेशन के साथ समन्वय में दिनांक 22 अगस्त, 2023 को नई दिल्ली में जिज्ञासा कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम सरकारी स्कूलों के छात्रों को व्यापक विज्ञान-आधारित शिक्षा प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था।
  - विश्व ओजोन दिवस दिनांक 16 सितंबर, 2023 को मनाया गया। बीबीनगर, अनंतराम, मोथाकोंदुर के छह स्कूलों के साथ-साथ श्रीनिवास मॉडल स्कूल, नाचाराम, श्रीदेवी डिजी स्कूल मल्लापुर और आईआईसीटी-जेडएम स्कूल ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - अग्रिम पंक्ति के प्रदर्शनों के मूल्यांकन और किसानों की फसल की प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए दिनांक 05-09-2023 को जम्मू-कश्मीर की चेनाब घाटी में वाणिज्यिक फूलों की खेती और गेंदा खेती पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
  - सीएसआईआर-आईआईआईएम टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर ने गवनर्मेंट डिग्री कॉलेज, द्रास के सहयोग से दिनांक 26-09-2023 को स्टार्टअप उद्यम के बारे में द्रास क्षेत्र के स्थानीय युवाओं के बीच सिटी अवेयरनेस का आयोजन किया। टीम टीबीआई एग्रीटेक, हेल्थकेयर और न्यूट्रा स्टार्टअपस सिटी अवेयरनेस से संबंधित नवाचार का समर्थन करने के लिए इनक्यूबेटर और सरकारी योजनाओं के साथ उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करती है।

- सीएसआईआर-आईआईआईएम टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर ने दिनांक 27-09-2023 को कारगिल के गवर्मेन्ट डिग्री कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए उद्यमिता विकास पर एक दिवसीय सिटी कैंप का आयोजन किया।
- सीएसआईआर-आईआईआईएम टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर कैंप ने दिनांक 28-09-2023 को सुरू वैली पब्लिक स्कूल कारगिल में विज्ञान और नवाचार पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून में 18 से 22 सितंबर 2023 तक सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर के छात्रों के लिए 'जिज्ञासा' कार्यक्रम के तहत 5 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
  - 82वें सीएसआईआर-स्थापना दिवस के अवसर पर, देहरादून के केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के लिए एक ओपन डे का आयोजन किया गया। इस दिन 200 छात्रों ने सीएसआईआर-आईआईपी की विभिन्न अनुसंधान प्रयोगशालाओं का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत छात्र दौरा का आयोजन किया गया और दिनांक 4 सितंबर, 2023 को एमएवी सिम्युलेटर का उद्घाटन किया गया
  - निम्नलिखित विषयों पर 19-24 सितंबर, 2023 के दौरान वन वीक वन लैब कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
  - सीएसआईआर-एनएएल ने 26-27 सितंबर, 2023 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह सह ओडब्ल्यूओएल के ग्रैंड फिनाले में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत, सीएसआईआर-एनबीआरआई जिज्ञासा टीम और ईआईएसीपी टीम ने मिलकर 13 सितंबर, 2023 को स्कूली बच्चों के लिए एक दिवसीय इंटरैक्टिव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय, रायबरेली के 41 छात्रों और 3 शिक्षकों ने भाग लिया। सीएसआईआर-एनबीआरआई वैज्ञानिक, द्वारा "मिशन लाइफ: स्वस्थ जीवन शैली (बाजरा और पोषण संबंधी लाभ)" पर व्याख्यान दिया गया, जिसके बाद जागरूकता प्रश्नोत्तरी, स्थायी जीवन शैली प्रतिज्ञा जैसी अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं।
  - सीएसआईआर-स्थापना दिवस को आमजन और स्कूलों के लिए "ओपन डे" के रूप में मनाया गया। कई स्कूलों को संस्थान का दौरा करने के लिए आमंत्रित

किया गया था। विभिन्न स्कूलों के 1088 छात्रों, 51 शिक्षकों ने संस्थान के विभिन्न हाऊसेज, वनस्पति उद्यान, केंद्रीय उपकरणन सुविधा का दौरा किया और प्रदर्शनी, हर्बेरियम और संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया।

- दिनांक 15 सितंबर 2023 को महिला डिग्री कॉलेज, लखनऊ में एनबीआरआई-ईआईएसीपी द्वारा ओजोन दिवस समारोह का अयोजन किया गया।
- सीएसआईआर एनबीआरआई-ईआईएसीपी द्वारा दिनांक 26 सितंबर 2023 को गवर्मेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, कैसरबाग, लखनऊ में स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं:
  - दिनांक 12 सितंबर, 2023 को कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत निर्जलित पुष्प शिल्प पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 11 ने भाग लिया।
  - दिनांक 14-15 सितंबर, 2023 तक कृषि के लिए बायोइनोकुलेंट उत्पादक पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 28 ने भाग लिया।
  - दिनांक 18 से 20 सितंबर, 2023 तक वर्टिकल और रूफ टॉप गार्डनिंग प्रशिक्षण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 12 ने भाग लिया।
  - दिनांक 21 सितंबर, 2023 को बोनसाई तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 13 ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - दिनांक 15 सितंबर, 2023 को मुंबई में फ्लो केमिस्ट्री सम्मेलन में एनसीएल वैज्ञानिक द्वारा व्याख्यान दिया गया। इसमें उद्योग जगत से 200 ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - सितंबर 04-05,2023: सीएसआईआर-एनईईआरआई के दिल्ली जोनल सेंटर में पर्यावरण की मॉनीटरिंग और प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिमोट सेंसिंग।
  - सितंबर 25-27,2023: सीएसआईआर-एनईईआरआई का कोलकाता जोनल सेंटर में पेयजल गुणवत्ता मॉनीटरिंग और विश्लेषण- भौतिक-रासायनिक, सूक्ष्मजीवविज्ञानी और आणविक पहलू"।

- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
